Date : .11/2016
Std. : X
Roll No._____ Div__

I Preliminary Examination
Sub : Hindi (Composite)
No. of Pages: 03

Time : 1 Hr.
Marks : 20

प्र.१ क पठित परिच्छे पढ़कर दी गई सूचनाओं के अनुसार कृतियां कीजिए।

मनोहरलाल : नमस्कार बंधु !
आत्माराम : (खड़े होकर)नमस्कार। आइए बंधु, विराजिए।
मनोहरलाल : कहिए आत्माराम जी, आज यह जलपान का आयोजन किस खुशी में किया है ?
आत्माराम : आप कैलाश, गोपाल और मोहन को तो जानते होंगे ?
मनोहरलाल : कौन है ये लोग ?
आत्माराम : अब से कोई दस साल पहले इन लोगों ने हमारे विद्यालय से आठवी कक्षा उत्तीर्ण की थी।
मनोहरलाल : कही गोपाल वही तो नहीं जो अक्सर कक्षा में प्रथम आता था ?
आत्माराम : हॉं, वही है। कैलाश और मोहन उसके सहपाठी थे।
मनोहरलाल : कैलाश भी तो पढ़ने में बहुत तेज था न ?

१. उचित पर्याय चुनकर लिखिए। (०१)

१)आयोजन का स्थान ....
अ. आत्माराम जी का घर ब. घर का बरामदा क. घर का बगीचा

२)आमंत्रित युवक दस साल पहले इस कक्षा में थे।
अ. पॉंचवी ब. आठवी क. नौवीं

२. एक-एक वाक्य में उत्तर लिखिए। (०२)

१) गोपाल की क्या विशेषता थी ?
२) परिच्छेद में किन दो अध्यापकों का उल्लेख हुआ है ?

३. विरूध्दार्थी शब्द लिखिए। (०१)

१) उत्तीर्ण २) तेज

१. अपने प्रिय अध्यापक के बारे में ६ से ८ वाक्यों में लिखिए। (०२)

प्र.२ ख) पठित पच्छिेद पढ़कर दी गई सूचनाओं के अनुसार कृतियॉं कीजिए।

३. उचित विकल्प चुनकर लिखिए। (०२)

१) टेरेसा सेंट मेरी स्कूल में रही.........................
अ. व्यवस्थापिका के रूप में ब. मुख्याध्यापिका के रूप में
क. शिक्षिका के रूप में

P.T.O.

Scanned by CamScanner

२) सेंट मेरी स्कूल था ....
अ. मोतीझील के पास ब. लोरेटों क. इंटाली में

३) मिशनरीज ऑफ चैरिटी को मान्यता मिली .... में।
अ. १९५२ ब. १९४० क. १९५०

४) मिशनरीज ऑफ चैरिटी के पहले केंद्र का नाम .... था।
अ. प्रेमदान ब. निर्मल हृदय क. सेवा केंद्र

१. एक-एक वाक्य में उत्तर लिखिए । (०२)

१) १० दिसंबर, १९४८ को टेरेसा ने क्या निश्चय किया ?

२) मदर टेरेसा को भारत की नागरिकता कब प्राप्त हुई ?

२. 'सेवा सबसे बड़ा तप' इस विषय पर अपने विचार लिखिए। (०२)

भारत पहुंचकर कोलकाता को उन्होंने अपना कार्यक्षेत्र बनाया। सन १९३१ से १९४८ तक कोलकाता स्थित सेंट मेरी स्कूल, इंटाली में वे शिक्षिका के रूप में कार्य करने लगीं। सन १९४८ में उन्होंने दार्जिलिंग की यात्रा की। १० दिसंबर, १९४८ को उन्होंने एक निश्चय किया, जिसके अनुसार वे लोरेटों के सुखमय जीवन का परित्याग कर दीन-दुःखियों की सेवा करने में जुट गई। उन्होंने नीले किनारे वाली मोटी सूती साड़ी को अपना स्थायी गणवेश बनाया। उसी समय उन्होंने अपना नाम 'मदर टेरेसा' रखा।

उन्होंने सेवाकार्य के लिए कोलकाता स्थित मोती झील बस्ती का चयन किया। उन्होंने अपने सेवाभाव को कार्यरूप देने के लिए एक संस्था की स्थापना की, जिसका नाम 'मिशनरीज ऑफ चैरिटी' रखा गया। ७ अक्तूबर, १९५० को इसे वेटिकन से मान्यता प्राप्त हो गई। इस प्रकार २२ अगस्त, १९५२ को 'मिशनरीज ऑफ चैरिटी' का पहला केंद्र खुला, जिसका नाम 'निर्मल हृदय' रखा गया। वह सेवाकेंद्र कोलकाता स्थित कालीघाट के पास है। उन्होंने १०५ देशों में इसके ५०४ केंद्र स्थापित किए। सन् १९४८ में मदर टेरेसा को भा[illegible] की नागरिकता प्राप्त हो गई।

प्र.३ ग) पठित पदयांश पढ़कर दी गई कृतियाँ पूर्ण कीजिए।

सम्मुख आमवृक्ष के ऊपर,
देखो वह आती है उड़कर।
बोलो मत, ऊँगली न उठाओ,
आओ वहीं चलें, सब आओ।
मीठी तान कान में ऐसे,

Scanned by CamScanner

गाती है वंशी धुनि जैसे ।
सिर ऊँचा कर मुख खोले है,
कैसी मृदु बानी बोले है ।
इसमें एक और गुण भाई,
जिससे यह सबके मन भाई ।
यह खेतों के कीड़े सारे,
खा जाता है बिना विचारे ।

१. कोकिल के आने पर मानी जानेवाली मान्यताएँ (०१)

२. कोकिल के स्वर की तुलना - (०१)
.... से ।

३. कोकिल का परोपकारी कार्य (०१)

४. 'पक्षी किसानों के मददगार' विषय पर ६ से ८ वाक्यों में अपने विचार लिखिए । (०२)

प्र.४ व्याकरण कृति

१. निम्नलिखित अव्यय शब्द का वाक्य में प्रयोग कीजिए । (०१)
सर्वत्र :

२. काल पहचानिए । (०१)
तिरंगा फहर रहा हैं ।

३. निम्नलिखित मुहावरें का अर्थ लिखकर वाक्य में प्रयोग कीजिए । (०१)
खुन खौलना-

...

Scanned by CamScanner